संख्या– 679 /छिहत्तर-1-2026/ 1282975

प्रेषक,

अनुराग श्रीवास्तव,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
कृषि विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 25 मार्च, 2026

विषयः- कृषि विभाग द्वारा Weather Information Network & Data System के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर स्थापित किये जा रहे Automatic Weather Station (AWS) एवं ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किये जा रहे Automatic Rain Gauge (ARG) की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना हैं कि भारत सरकार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा Weather Information & Network Data System के अन्तर्गत ब्लाक स्तर पर विकास खण्ड कार्यालय परिसर में AWS (Automatic Weather Station) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन परिसर में ARG (Automatic Rain Gauge System) की स्थापना की जानी है, जिससे प्रत्येक मौसम के वर्षा, तापमान, आर्द्रता एवं हवा की गति का रियल टाइम डेटा मिलेगा। ब्लॉक स्तर पर विकास खण्ड कार्यालय परिसर में AWS (Automatic Weather Station) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन परिसर में ARG (Automatic Rain Gauge (System) स्थापित कराये जाने की योजना वर्ष 2024-25 में प्रदेश में लागू की गयी है।

2- उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि M/s Skymet weather services Pvt Ltd द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार अब तक 71 AWS एवं 15084 ARG स्टेशन स्थापित किये जाने हेतु लोकेशन अनुपयुक्त पायी गयी है। सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में WINDS कार्यक्रम के अन्तर्गत AWS एवं ARG की स्थापना हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित / निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के कैम्पस का उपयोग उपयुक्तता की स्थिति में किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र दिनांक 27-12-2025 द्वारा कृषि विभाग से अनुरोध किया गया है। अतः AWS/ARG की स्थापना में गति लाने के दृष्टिगत कृषि विभाग के स्तर से संबंधित को निर्देश निर्गत कराने का प्रस्ताव मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की शीर्ष समिति की दिनांक 05 जनवरी,2026 को हुई बैठक में प्रस्तुत किया गया। मा0 समिति द्वारा व्यापक विचार-विमर्श के उपरान्त प्रकरण में निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैंः-

'मा0 समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्देश दिये गये कि कृषि विभाग, AWS एवं ARG की स्थापना हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से समन्वय कर आवश्यकतानुसार जल जीवन मिशन के अतंर्गत निर्मित / निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के कैम्पस का भी उपयोग करने पर विचार करते हुए कार्य में प्रगति लायें।'

3- उपरोक्त के दृष्टिगत शासन के पत्र संख्या 133/छिहत्तर-1-2026-क0सं0-1282975 दिनांक 23-01-2026 द्वारा निर्गत शीर्ष समिति की बैठक दिनांक 05 जनवरी, 2026 के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्नकर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि अपने विभाग से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दु संख्या-16 में मा0 समिति द्वारा लिये गये उक्त निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु अपने स्तर से अधीनस्थ फील्ड स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त।

भवदीय,
Digitally signed by
ANURAG SRIVASTAVA
Date: 24-03-2026
18:08:36
(अनुराग श्रीवास्तव)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 679 (1)/छिहत्तर-1-2026, तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्य कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जलनिगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
(2) अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
(3) कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(4) मुख्य अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जलनिगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
(5) सम्बन्धित जिला अधिकारी/ अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, उ०प्र०।
(6) समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जलनिगम, (ग्रामीण) ।
(7) समस्त अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जलनिगम, (ग्रामीण) ।
(8) समस्त कार्यदायी संस्था, जल जीवन मिशन, उत्तर प्रदेश।
(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
Digitally signed by
AMBRISH KUMAR SINGH
Date: 25-03-2026
10:57:20
(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।